तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **लोकपाल शर्मा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (कोषाधिकारी जोधपुर–ग्रामीण)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353737947039808	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/11/25	अपीलार्थी लोकपाल शर्मा निवासी सुथारों का वास मगरा पूंजला, मंडोर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (कोषाधिकारी जोधपुर–ग्रामीण) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.08.2025 लोकपाल शर्मा द्वारा प्रस्तुत टी. ए. बिल भुगतान हेतु कार्यालय द्वारा गठित कमेटी की तैयार रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (कोषाधिकारी जोधपुर–ग्रामीण) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित एवं रेस्पो. पक्ष (कोषाधिकारी जोधपुर–ग्रामीण) ने जरिये पत्रांक 1009 दिनांक 07.10.2025 द्वारा अवगत करवाया की प्रार्थी द्वारा सूचना अधिकार मे चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 17902536 दिनांक 19.09.2025 एवं पत्रांक 17902522 दिनांक 19.09.2025 द्वारा संलग्न प्रेषित की जा चुकी है तथा लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अतः लोक सूचना अधिकारी (कोषाधिकारी जोधपुर–ग्रामीण) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर यह अपील खारित योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation : Collector & District Magistrate Date: 2025.11.27 18:24:50 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
19077908